Seat No. : _______________

# ZC-121-H

**April-2014**

## B.Com. Sem. IV

## CC : 208 – Taxation – II

## (Hindi Version)

**Time : 3 Hours]** **[Max. Marks : 70**

**निर्देश :** सभी प्रश्नों के अंक समान हैं ।

1. निम्न विवरण के आधार पर डॉ. समीर की निर्धारण वर्ष 2013-14 के लिए व्यवसाय तथा व्यापार से लाभ तथा लाभ पर कर पात्र आय की गणना कीजिए : **14**

**आय-व्यय खाता ता. 31-03-2013को पूर्ण हुए वर्ष के लिए**

| आय (प्राप्तियाँ) | ₹ | व्यय (भुगतान) | ₹ |
|---|---|---|---|
| नामे बाकी आगे लाया | 40,000 | जमा अस्पताल किराया | 90,000 |
| " कन्सल्टिंग फीस | 3,40,000 | " अग्रिम आयकर | 15,000 |
| " विजिटिंग फीस | 82,000 | " चिकित्सा मेगेजीन्स की खरीदी | 10,000 |
| " शल्य कक्ष की आय | 1,20,000 | " विद्युत प्रभार | 80,000 |
| " शेयरों की बिक्री | 20,000 | " शल्य उपकरणों की खरीदी (1-9-12) | 2,00,000 |
| " डिविडंड्स की प्राप्तियाँ | 15,000 | " मोटरकार व्यय | 24,000 |
| " निवेशों पर ब्याज की प्राप्तियाँ | 10,000 | " दवाइयों की खरीदी | 1,72,000 |
| " दवाइयों की बिक्री | 1,30,000 | " स्टाफ के वेतन | 2,00,000 |
| " शल्य-उपकरणों की बिक्री | 25,000 | " आहरण | 20,000 |
| " मकान किराये की आय | 18,000 | " बाकी आगे ले जाया गया | 15,000 |
| " रोगियों के उपहार | 26,000 | | |
| | **8,26,000** | | **8,26,000** |

**अतिरिक्त विवरण :**

(1) मोटरकार के उपयोग का 1/4 भाग व्यक्तिगत कार्य से संबधित है । मोटरकार पर अनुमन्य मूल्य ह्रास ₹ 15,000 है ।

(2) दवाओं का आरंभिक तथा अंतिम स्टॉक ₹ 40,000 तथा ₹ 18,000 अनुक्रमित है ।

(3) शल्य उपकरणों का ह्रास के पश्चात आरंभिक बाकी ₹ 75,000 रहा । अनुमन्य मूल्य ह्रास 20% की दर से है ।

**अथवा**

1. (A) श्री कौशल का 31-3-2013 को पूर्ण होते वर्ष के लिए उनके व्यवसाय संबंधित विवरण निम्नानुसार है : **7**

**लाभ/हानि खाता ता. 31-3-2013को पूर्ण होते वर्ष हेतु**

| प्राप्तियों | ₹ | भुगतान | ₹ |
|---|---|---|---|
| नामे (To) कार्यालय का वेतन | 72,000 | जमा (By) सकल लाभ | 2,48,000 |
| " बैंक ऋण पर ब्याज दिया | 14,000 | " सरकारी प्रतिभूतियों पर ब्याज | 13,000 |
| " मूल्य ह्रास (घसारा) | 10,000 | " आयकर का रीफंड | 9,000 |
| " पूंजी पर ब्याज | 4,000 | | |
| " दान | 6,000 | | |
| " किराया/कर/बीमा | 23,000 | | |
| " परिचालन का खर्च | 41,000 | | |
| " आयकर | 15,000 | | |
| " कम्प्युटर की खरीदी (1-1-2013) | 24,000 | | |
| " अशोध्य ऋण अनामत | 4,000 | | |
| " अशोध्य ऋण | 2,000 | | |
| " ऑडिट फीस | 5,000 | | |
| " शुद्ध लाभ | 50,000 | | |
| | **2,70,000** | | **2,70,000** |

**अन्य विवरण :**

(1) बीमा प्रीमियम में ₹ 3,000 जीवन बीमा का प्रीमियम निहित है ।

(2) कम्प्युटर की खरीदी पर 10% मूल्य ह्रास की गणना कीजिए ।

वित्तीय वर्ष 2012-13 के व्यवसाय पर करपात्र आय की गणना करें ।

(B) निम्न में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **4**

(1) निर्धारण वर्ष 2013-14 के लिए निम्न विवरण से कुल अनुम्य घसारा/मूल्यह्रास की गणना कीजिए :

| | | ₹ |
|---|---|---|
| (A) | संयंत्र व मशीनों का 1-4-2012 को घसारा निकाल कर लिखा गया मूल्य | 4,00,000 |
| (B) | ता. 1-2-2013 को नया संयंत्र तथा मशीनों की खरीदी की गई | 60,000 |
| (C) | ता. 31-12-2012 को पुरानी मशीनों की बिक्री की गई । जिस पर मूल्य ह्रास दर 20% से लगाया । | 1,10,000 |
| (D) | यंत्र व मशीनों पर मूल्य ह्रास दर 20% है । | |

(2) असमाविष्ट मूल्य ह्रास पर आयकर के प्रावधानों को लिखिए ।

(3) विगत पूर्व वर्ष में अनुमन्य तथा अन-अनुमन्य अशोध्य ऋणों की वसूली राशि के संबंध में आयकर के प्रावधानों की व्याख्या कीजिए ।

(C) निर्देशानुसार किन्हीं **दो** के उत्तर दीजिए : **3**

(1) निम्न खर्चे व्यवसाय की आय के सामने अनुमन्य हैं अथवा नहीं ? लिखिए ।

(A) सेवाकाल के घंटों के दौरान कर्मी को हुई दुर्घटना के कारण मुआवजे का भुगतान ।

(B) व्यवसाय में से चुकाया गया पत्नी का अस्पताल बिल ।

(C) मान्यता प्राप्त भविष्य निधि में मालिक का अंशदान ।

(2) व्यापार-व्यवसाय की करपात्र आय की गणना करने के समय ऐसे तीन खर्चों का उल्लेख कीजिए जिन पर कटौती अनुमन्य नहीं है ।

(3) सट्टे (स्पेकुलेशन) के व्यवसाय में हुए नुकसान के संबंध में धारा के प्रावधानों को लिखिए ।

2. (A) नीचे दिए गए विवरण के आधार पर श्रीमान बबलू के (केपिटल गेन) पूंजी अर्जन शीर्षक के अंतर्गत निर्धारण वर्ष 2013-14 के लिए करपात्र आय की गणना कीजिए : **7**

उसने ता. 1-8-2012 को अपना स्वयं की मालिकी का निवासीय मकान ₹ 26,20,000 में बेचा । और दलाली का ₹ 20,000 खर्च किया । उसका यह मकान वर्ष 1978-79 में ₹ 1,50,000 में खरीदा था । उसके मकान का उचित मूल्य 1-4-1981को ₹ 2,00,000 था । उसके पास इस निवासीय मकान के अतिरिक्त अन्य कोई मकान नहीं है । उसने वर्ष 2007-08 में ₹ 1,10,200 की अतिरिक्त निर्माण राशि खर्च की है । ता. 31-12-2012 को उसने नया निवास का मकान ₹ 8,50,000 में खरीदा है ।

उक्त पर ता. 31-12-13 को उसने ₹ 2,50,000 में सरकारी प्रतिभूतियों को बेचा । जो कि उसने ता. 1-9-10 को ₹ 25,280 में खरीदी थीं । इसी ता. को उसने प्राप्त रकम में से ₹ 2,00,000 का नेशनल हाई-वे ओथोरिटी ऑफ इंडिया के तीन साला बॉड्स में निवेश कर दिया ।

दीर्घकालीन पूँजी अर्जन की गणना हेतु संबंधित सूचकांक का विवरण नीचे दिए अनुसार है :

| **वर्ष** | **सूचकांक क्र.** | **वर्ष** | **सूचकांक क्र.** |
|---|---|---|---|
| 1981-82 | 100 | 2009-10 | 632 |
| 2007-08 | 551 | 2012-13 | 852 |

**अथवा**

2. (A) नीचे लिखे विवरण के आधार पर श्रीमान मोहित की वित्तीय वर्ष 2012-13 के लिए "अन्य स्त्रोतों से आय" शीर्षक के अन्तर्गत करपात्र आय की गणना कीजिए : **7**

| | | ₹ |
|---|---|---|
| (1) | भारतीय कं. के प्रायिकता शेयरों पर 10% डिविडंड की प्राप्ति | 20,000 |
| (2) | बैंक में सावधि जमा पर ब्याज की प्राप्ति | 8,600 |
| (3) | 7% पूँजी निवेश बॉड पर ब्याज की प्राप्ति | 6,000 |
| (4) | उप किरायेदार से प्राप्त किराये की आय | 12,000 |
| (5) | घुड़दौड़ (T.D.S. 30%) से अर्जित शुद्ध आय | 1,40,000 |
| (6) | विदेशी कं. के शेयरों पर प्राप्त डिविडंड | 8,400 |
| (7) | रीमा लि. के 10% करमुक्त ऋणपत्रों पर अर्जित ब्याज (TDS 10%) | 27,000 |
| (8) | लोक भविष्य निधि खाते में जमा हुआ ब्याज | 5,400 |
| (9) | फेमिली पेंशन प्राप्त हुआ | 90,000 |
| (10) | यूनिट ट्रस्ट ऑफ इंडिया के युनिटों पर प्राप्त लाभांश | 2,000 |

उसने भारतीय कं. के शेयरों को खरीदने हेतु लिये बैंक ऋण पर ₹ 6,500 का ब्याज भुगतान किया । ब्याज के संग्रहण हेतु ₹ 450 बैंक कमीशन का भुगतान किया ।

(B) किन्हीं **दो** के उत्तर लिखिए : **4**

(1) वर्ष 2004-05 के दौरान सुश्री काव्या ने ₹ 120 का एक ऐसे 600 ईक्विटी शेयर खरीद किए । वर्ष 2008-09 के दौरान उसने प्रति शेयर ₹ 291 से, एक शेयर के विरूद्ध हक के (राईट) दो शेयर रखते हुए, खरीदे । ता. 31-12-2012 को ये सभी शेयरों को ₹ 340 प्रति शेयर के भाव से बेच दिया गया । उपरोक्त सभी शेयर प्रतिभूतियों के लेनदेन कर के अधीन करपात्र नहीं है । दलाली का भुगतान ₹ 6,000 कर दिया गया ।

सूचकांक : 2004-05 – 480, 2008-09 – 582 तथा 2012-13 – 852.

करपात्र पूँजी लाभ की गणना कीजिए ।

(2) नीचे दिए गए में से कौन सी आय, "अन्य स्रोतों की आय" शीर्षक के अन्तर्गत करयोग्य हैं ?

(A) अव्याख्यायित ₹ 50,000 के निवेश से अर्जित आय ।

(B) एक कम्पनी के डायरेक्टर के रूप प्राप्त ₹ 10,000 की फीस ।

(C) ₹ 7,000 के ट्रेजरी बचत प्रमाण पत्रों से प्राप्त ब्याज ।

(3) 'ग्रोसिंग-अप' का अर्थ समझाइए ।

(C) निम्न में से किन्हीं **दो** के उत्तर संक्षेप में दीजिए : **3**

(1) दीर्घकालीन पूँजी-अर्जन का अर्थ क्या है ?

(2) पूर्ण कर-मुक्त सरकारी प्रतिभूतियों के तीन उदाहरण दीजिए ।

(3) पूँजी हानि के लिए "सेट-ऑफ" तथा "आगे ले जाने (C/F)" बाबत आयकर के प्रावधानों को बताइए ।

3. (A) श्रीमान राजेश ने निम्नलिखित निवेश वर्ष (विगत) 2012-13 के दौरान किए । धारा 80C के अन्तर्गत मिलने वाली कटौतियों को ज्ञात कीजिए । उनकी सकल आय ₹ 5,70,000 है । **7**

| | | ₹ |
|---|---|---|
| (1) | मान्यता प्राप्त भविष्य निधि में कर्मचारी का स्वयं का योगदान | 24,000 |
| (2) | SBI की कर बचत योजना में निवेश | 12,000 |
| (3) | लोक भविष्य निधि में योगदान | 25,000 |
| (4) | राष्ट्रीय बचत प्रमाण पत्र (NSC) (9वीं सीरिज) में निवेश | 20,000 |
| (5) | बैंक ऑफ बड़ोदा से लिए आवास ऋण का पुनर्भुगतान (ब्याज ₹ 6,000 सम्मिलित करते हुए ।) | 36,000 |
| (6) | पोस्ट ऑफिस बचत बैंक खाता में जमा | 10,000 |
| (7) | बच्चों की जीवन बीमा पालिसी में प्रीमियम का भुगतान | 15,000 |
| (8) | तीन बच्चों की ट्यूशन फीस (₹ 10,000 प्रति बालक) | 30,000 |

**अथवा**

3. (A) निम्नलिखित जानकारियों के आधार पर श्रीमान मीतेश की निर्धारण वर्ष 2013-14 के लिए कुल करपात्र आय निकालिए :

| | | ₹ |
|---|---|---|
| (1) | 9% (दर से) सरकारी प्रतिभूतियों पर ब्याज | 7,000 |
| (2) | व्यवसाय से हुआ करयोग्य लाभ | 2,55,000 |
| (3) | सट्टा (स्पेकुलेशन) व्यवसाय में हुई हानि | 12,000 |
| (4) | अल्पकालीन पूँजी हानि | 15,000 |
| (5) | दीर्घकालीन करपात्र पूँजी लाभ | 20,000 |
| (6) | मुम्बई में स्वयं की मालिकी के मकान से हुई आय | 26,000 |
| (7) | अहमदाबाद में स्वयं की मालिकी के मकान (फ्लेट) पर हुई हानि | 6,000 |
| (8) | प्रधान मंत्री राष्ट्रीय राहत निधि में दान | 25,000 |

(B) किन्हीं **दो** के उत्तर लिखिए : **4**

(1) धारा 80-D के अन्तर्गत मेडिकल इन्श्योरेंस प्रीमियम से संबंधित कटौती के प्रावधानों को लिखिए :

(2) शीर्ष के मकान सम्पत्ति से आय के अन्तर्गत "सेट-ऑफ" तथा "हानि को आगे-ले जाना (C/F)" के संबंध में आयकर के प्रावधान क्या हैं ?

(3) राजीव गांधी इक्विटी बचत योजना (धारा 80 CCG के अधीन) में निवेश के संबंध में कटौती को समझाइए ।

(C) निम्न के सबंध में आयकर अधिनियमों को लिखिए : (कोई **दो**) **3**

(1) पेटेंट की धारा 80 RRB के अन्तर्गत प्राप्त रायल्टी ।

(2) उच्चतर शिक्षण - धारा 80 E के लिए लिया गया ऋण पर ब्याज का भुगतान

(3) केन्द्र सरकार की पेंशन योजना में (धारा-80 CCD) किया गया योगदान ।

4. (A) गुजरात मूल्यवर्धित कर अधिनियम 2003 अंतर्गत निम्नलिखित को समझाइए : (कोई **दो**) **7**

(1) व्यवसाय

(2) व्यापारी

(3) माल

**अथवा**

4. (A) निम्नलिखित में से किसी **एक** प्रश्न का उत्तर दीजिए :

(1) गुजरात मूल्यवर्धित कर अधिनियम शीर्ष के अंतर्गत 'टेक्स-क्रेडिट' की अवधारणा समझाइए ।

(2) केंद्रीय बिक्री कर के लक्षणों को समझाइए ।

(B) किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : **4**

(1) सेवा कर (सर्विस टेक्स) में से करमुक्ति की सीमा बताइए ।

(2) सेवा कर के करपात्र बनने को समझाइए ।

(3) सेवा कर की प्रक्रिया का संक्षेप में वर्णन कीजिए ।

(C) निर्देशानुसार उत्तर दीजिए : (कोई **दो**) **3**

(1) ऐसी कोई तीन सेवाएँ बताइए जिन पर सेवा कर लागू होता है ।.

(2) मूल्यवर्धित कर का अर्थ समझाइए ।

(3) ऐसे तीन उदाहरण दीजिए जिन पर मूल्यवर्धित कर (VAT) लागू नहीं होता है ।

5. निम्नलिखित उप-प्रश्नों के एक से अधिक उत्तर दिए गए हैं । सही जवाब चुनिए । आवश्यक गणना या स्पष्टीकरण दर्शाइये : **14**

(1) धंधे या व्यापार की आमदनी के अंतर्गत निम्नलिखित में से कौन सा व्यय ग्राह्य रखने योग्य नहीं हैं ?

(A) डूबत ऋण

(B) सामान्य अनामत

(C) व्यापार के स्टॉक का बीमा प्रीमियम

(D) बिक्री शुल्क

(2) धंधे या व्यापार की आमदनी के अंतर्गत निम्नलिखित में से कौन-सा व्यय ग्राह्य रखने योग्य हैं ?

(A) शुल्क का प्रावधान

(B) संपत्ति शुल्क

(C) पूँजी व्यय

(D) व्यावसायिक कर

(3) यदि संपत्ति का धंधे या व्यापार के स्वरूप में 180 दिनों से कम अवधि के लिए उपयोग किया गया हो, तो मूल्यह्रास

(A) पूर्ण वर्ष के लिए संपूर्ण ग्राह्य रखा जाता है ।

(B) तय किये गये दर के 50% मिलता है ।

(C) तय किये गये दर के 75% मिलता है ।

(D) ग्राह्य रखा नहीं जाता ।

(4) निम्नलिखित विधानों में से कौन सा विधान सत्य है ?

(A) लंबी अवधि की पूँजी नुकसान छोटी अवधि के मुनाफे के सामाने अगण्य (क्षतिपूर्ति) मानी जाती है ।

(B) छोटी अवधि की पूँजी नुकसान लंबी अवधि के मुनाफे के सामाने अगण्य (क्षतिपूर्ति) मानी जाती है ।

(C) निजी उपयोग हेतु की मोटरकार को भी पूँजी-संपत्ति मानी जाती हैं ।

(D) व्यापार की ख्याति (शाख) को पूँजी-संपत्ति मानी नहीं जाती ।

(5) निम्नलिखित में से कौन सी संपत्ति, पूँजी-संपत्ति में समाविष्ट नहीं है ?

(A) माल का स्टॉक (B) पट्टा-भूमि का हक

(C) कॉपीराइट (D) अधिभोग का हक

(6) श्री X ने ता. 31-10-2012 के दिन ₹ 9,00,000 के सोने के आभूषण बेचे । यह आभूषण ता 30-6-1988के दिन ₹ 64,400 में क्रय किये थे । यह विक्रय से प्राप्त धनराशि से ता. 28-2-2013 के दिन ₹ 6,00,000 का आवासीय घर खरीदा है । इनके पास आवास के लिए अपना स्वतंत्र मकान नहीं है । वित्तीय वर्ष 1988-89 और 2012-13 के लिए सूचकांक क्रमश: 161 और 852 है ।

कर निर्धारण वर्ष 2013-14 के लिए करयोग्य पूँजी लाभ निम्नानुसार होगा :

(A) ₹ 1,86,400 (B) ₹ 5,59,200

(C) ₹ 6,00,000 (D) इनमें से कोई नहीं

(7) अन्य स्रोतो से आय के शीर्षक के अंतर्गत निम्न में से कौन सी आय समाविष्ट नहीं है ?

(A) प्रतिभूतियों पर ब्याज (B) लोटरी

(C) लाभांश (D) क्रोसवर्ड पजल

(8) स्वयं के नाम पर खोले गये पोस्ट ओफिस बचत खाते में अधिकतम वार्षिक _______ ब्याज करमुक्त मिलता है ।

(A) ₹ 7,000 (B) ₹ 10,500

(C) ₹ 3,500 (D) ₹ 2,500

(9) धारा 80 DD के अंतर्गत 80% से कम विकलांग आश्रित की चिकित्सकीय प्रक्रिया के लिए अधिक से अधिक ______ कटौती प्राप्त होगी ।

(A) ₹ 1,00,000 (B) ₹ 80,000

(C) ₹ 60,000 (D) ₹ 50,000

(10) कर निर्धारण वर्ष 2013-14 में श्री A की कुल सकल आय ₹ 2,60,000 थी । उसने वर्ष दौरान ₹ 10,000 मेडिक्लेम बीमा प्रीमियम का भुगतान किया । उसने ₹ 20,000 मान्य धार्मिक संस्था को दान किया । कर निर्धारण वर्ष 2013-14 के लिए उनकी कर योग्य आय _______ होगी ।

(A) ₹ 2,40,000 (B) ₹ 2,20,000

(C) ₹ 2,30,000 (D) इनमें से कोई नहीं

(11) वरिष्ठ नागरिक करदाता के लिए मेडिक्लेम बीमा प्रीमियम के लिए अधिक से अधिक _________ कटौती बाद मिलेगी ।

(A) ₹ 5,000 (B) ₹ 10,000

(C) ₹ 15,000 (D) ₹ 20,000

(12) गुजरात मूल्य वर्धित कर अधिनियम के अनुसार एकमुश्त कर भरने के लिए व्यापारी का टर्न ओव्हर _________ होना चाहिए ।

(A) ₹ 10 लाख से कम (B) ₹ 40 लाख से कम

(C) ₹ 50 लाख से कम (D) ₹ 50 लाख से ज्यादा

(13) सर्विस कर अधिनियम के अनुसार कुल कर योग्य सेवाओं की करमुक्त सीमा ________ है ।

(A) ₹ 2,00,000 (B) ₹ 2,50,000

(C) ₹ 5,00,000 (D) ₹ 10,00,000

(14) कर निर्धारण वर्ष 2013-14 के लिए सर्विस कर अधिनियम की प्रभावी दर ________ है ।

(A) 12% (B) 12.36%

(C) 10.30% (D) 12.24%